पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राष्ट्रपति से मिले राज्यपाल श्री नाईक

लखनऊ: 4 फरवरी, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद से राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचारिक भेंट की।

राष्ट्रपति आगामी 14 फरवरी, 2018 को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर में आयोजित एक संगोष्ठी में सहभाग करेंगे। संगोष्ठी के संबंध में राज्यपाल ने उनसे चर्चा की। राज्यपाल ने प्रदेश से जुड़े अन्य विषयों पर भी राष्ट्रपति से विचार-विमर्श किया।

श्री नाईक ने बताया कि उनकी पुस्तक 'चरैवेति! चरैवेति!!' के संस्कृत संस्करण के लोकार्पण के लिये राष्ट्रपति ने अपनी सहमति प्रदान कर दी है। लोकार्पण कार्यक्रम वाराणसी में होगा तथा तिथि राष्ट्रपति की सुविधा अनुसार तय होगी।

अंजुम/ललित/राजभवन (53/6)